तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

10 किसान छात्र एकता संगठन ने विभागाध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र



10 विनीत आर्य को शैक्षणिक उपलब्धि के लिए विशेष....



PHYSICS WALLAH | VIDYAPEETH PATHSHALA
Now at WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN 2026-27
अब आपके जींद शहर में अब
PHYSICS WALLAH JIND
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Class 8th to 12th
SCHOLARSHIP TEST
on 3, 4, 6, 7 April at 10:00 a.m.
ASHRAFGARH, GOHANA ROAD, JIND | M. 7988579792





## खबर संक्षेप

### लाठी डंडे दिखा जान से मारने की दी धमकी

**कैथल।** जडौला में दुकान में घुसकर दुकानदार को लाठी डंडे दिखा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर ढांड थाना पुलिस ने 5 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जडौला निवासी दीपक कुमार ने बताया कि 4 अप्रैल की रात करीब 8:32 बजे उसकी पत्नी पूजा देवी दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान दो बाइक पर हाथों में डंडे लिए हुए नकाबपोश 5 युवक आए। वे दुकान में घुस आए और मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध लापता

**जींद।** सदर थाना नरवाना क्षेत्र के गांव दबलैन से एक वृद्ध के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गांव दबलैन निवासी बिंटू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 60 वर्षीय पिता चिमनदास तीन अप्रैल को घर से अचानक बिना बताए कहीं चला गया। पता चलने पर आसपास व रिश्तेदारियों में ढूंढा लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लगा। जांच अधिकारी सुलतान सिंह ने बताया कि इस मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मई को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नौ मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर जींद व उप मंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के नेतृत्व में आगामी नौ मई को जींद, नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा व प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

### गुहला में नगर खेड़ा के पास खड़ा कैंटर चोरी

**कैथल।** गुहला में नगर खेड़ा के पास खड़ा एक कैंटर चोरी हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुहला थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुहला के वार्ड नंबर 11 निवासी बलविंद्र ने बताया कि वह अपना कैंटर चीका की ट्रक यूनियन में चलाता है और पिछले 2 महीनों से नया घर बनवा रहा है। इस दौरान उसका ट्रक नगर खेड़ा बाबा के सामने घर के पास खड़ा रहता था। 4 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे जब चीका से घर पहुंचा तो ट्रक वहीं खड़ा था। लेकिन अगली सुबह जब वह बाहर निकला तो ट्रक वहां से गायब मिला।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को किया घायल

**कैथल।** गांव बुढ़ाखेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते लाठी व डंडों से हमला कर एक युवक को घायल दिया। युवक का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के बाद 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दी शिकायत में गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी राजू ने बताया कि 30 जनवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे वह अपने भाई प्रवीन के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था। इसी दौरान सुमेर, नरसी, पवन और रघुबीर ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

---

नरवाना और पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी के बाहर आढ़तियों ने दिया धरना

# नए कानूनों को लेकर अनाज मंडी के गेट पर लगाया ताला

## आदेशों को तुरंत वापस लेने की मांग, जमकर नारेबाजी

**एसडीएम ने मध्यस्थता कर खुलवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। धरने पर बैठे आढ़ती। फोटो :हरिभूमि



आढ़ती एसोसिएशन के साथ बैठक करते हुए एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

प्रदेश सरकार द्वारा मंडियों में किसानों पर फसल बेचने को लेकर थौंपे जा रहे नए कानूनों को रद्द करवाने लेकर रोहतक रोड नई अनाज मंडी के गेट बंद कर आढ़ती धरने पर बैठे गए। धरनारत आढ़तियों ने कहा कि सरकार किसानों और आढ़तियों के हितों की अनदेखी कर लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जो उनके लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर रोज नए-नए नियम लागू किए जा रहे हैं। जिससे मंडी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस बार सरकार द्वारा फसल बेचने आने वाले किसानों के ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट और बायोमीट्रिक प्रणाली को अनिवार्य किया है। जिसे आढ़तियों और किसानों ने अव्यवहारिक बताया। प्रधान सुनील सिहाग, सोनू भारद्वाज ने कहा कि मंडी को सुबह छह बजे से शाम आठ बजे तक ही खोलने के आदेश भी पूरी तरह से गलत हैं। किसान अक्सर रात के समय खेतों में कंबाइन से फसल कटाई करते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी फसल मंडी तक लाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आढ़तियों ने इन आदेशों को तुरंत वापस लेने की मांग की। आढ़तियों के लामबंद होने पर एसडीएम सत्यवान मान ने नई अनाज मंडी जींद श्री राधा कृष्ण धर्मशाला में पहुंचकर में बैठक की। बैठक में मार्केट कमेटी अध्यक्ष मनीष गोयल, मार्केट कमेटी सचिव संजीव भी मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते आढ़तियों को किसानों के बारे में सोचना चाहिए। जो किसान मंडी में फसल लेकर आ रहे हैं। उन्हें उनके बारे में सोचना चाहिए। जो गेहूं की ट्रालियां गेट पर खड़ी हैं, उनको मंडी के अंदर आने दिया जाए। जिस पर दोनों आढती एसो सहमत हो गई। आढ़ती एसो के प्रधान सुशील सिहाग ने कहा कि अब सहमति बन गई है और गेट को खोल दिया जाएगा। सभी किसानों को आढ़ती फोन कर बता देंगे कि दो दिन बरसात का मौसम है और उसके बाद ही नई अनाज मंडी जींद के अंदर गेहूं की फसल लेकर आएं। सरसों की खरीद शुरू हो चुकी है। जिस पर आढ़ती एसोसिएशन ने धरना समाप्त कर गेट खोल दिए।

### पुरानी प्रणाली पर ही खरीदा जाए गेहूं

अखिल भारतीय किसान सभा के राज्याध्यक्ष बलबीर सिंह गुरूसर की अध्यक्षता में नरवाना की नई अनाज मंडी में गेट के पास गद्दे बिछा कर आढ़तियों व किसानों ने धरना दिया। मांग की कि गेहूं खरीद के लिए बनाए गए नए नियमों को वापस लिया जाए और गेहूं को पुरानी प्रणाली पर ही खरीदा जाए। वहीं पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी के गेट पर आढ़ती एसो के प्रधान जसवीर की अध्यक्षता में आढ़ती धरने पर बैठे और मांग की कि सरकार द्वारा लागू किए गए कानून वापस लिए जाएं।



कैथल। गेहूं खरीद की मांग को लेकर प्रदर्शन करते किसान। फोटो :हरिभूमि

### खरीद न होने से खफा किसानों ने प्रशासन को कोसा

**कैथल।** गेहूं खरीद के उचित प्रबंध न होने से खफा किसानों ने सोमवार को कैथल की अनाज मंडी में सरकार और प्रशासन को जमकर कोसा। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड व सतपाल दलोवाल,भूरा राम पबनावा, बलवान पाईं के नेतृत्व में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। आर्य ने कहा कि अन्नदाता की यह हुंकार केवल विरोध नहीं, बल्कि व्यवस्था को झकझोरने वाला वह स्वर बनी, जिसने ठप पड़ी खरीद प्रक्रिया को फिर से गति प्रदान की। किसानों ने सरकार द्वारा लागू नवीन कृषि नियमों के खिलाफ तीखा विरोध जताते कहा कि ये कानून उनके हितों के विपरीत हैं और पारंपरिक मंडी व्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं। "अन्नदाता की अनदेखी अब नहीं सहेंगे"इस गूंजते नारे के साथ किसानों ने अपनी एकजुटता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।



पूंडरी। पाई अनाज मंडी का दौरा करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा साथ में चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी। फोटो :हरिभूमि

## खरीद प्रक्रिया में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

रबी सीजन के तहत चल रही गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव पाई की अनाज मंडी का दौरा किया और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। दौरे के दौरान उन्होंने मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने फसल उठान में हो रही देरी, बोरी की उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते कहा कि सभी समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाए। स्पष्ट किया कि सरकार किसानों की फसल की खरीद, उठान और भुगतान को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सुचारू उठान, पर्याप्त भंडारण व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### लिफ्टिंग तेज हो

उन्होंने यह भी कहा कि इस बार लिफ्टिंग प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी और किसी भी स्तर पर ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने मंडी परिसर का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था, पानी की उपलब्धता, बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों के लिए छाया, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, मार्केट कमेटी चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी, पूंडरी चेयरमैन सुभाष हजवाना, सरपंच नरेश ढूल, एसडीएम सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसानों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार आएगा और उनकी फसल का समय पर उठान सुनिश्चित होगा। वहीं अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सरकार के निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाएगा और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

---

### गेहूं के नियमों में बदलाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

**उचाना।** गेहूं खरीद को लेकर बनाए नियमों को रदद करने की मांग को लेकर सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां, किसान संगठन द्वारा एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपा। प्रधान रणधीर श्योकंद की अगुवाई में किसान, खाप पदाधिकारी उपमंडल कार्यालय पहुंचे। श्योकंद ने कहा कि गेहूं के सीजन में इस बार प्रदेश सरकार द्वारा नए नियम बनाए गए है। इन नियमों में ट्रैक्टर के आगे नंबर लिखना, गेट पास के लिए ट्रैक्टर की फोटो खिंचने के बाद फोटो अपलोड करना, मंडी में जाने के बाद फसल उतारने पर बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगना है। ये नियम बड़े जटिल हैं। इन नियमों से किसानों की परेशानी बढ़ेगी। गेट पर लंबी लाइनें लगने लगेगी। सरकार को चाहिए कि इन नियमों को तुरंत प्रभाव से रद्द करके जो प्रक्रिया पहले गेहूं के सीजन में थी उसको लागू करें।



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने की मांग उठाई

**जींद।** उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन ने शाखा प्रधान नवीन पहल और शाख सचिव सचिन ढुल की अध्यक्षता में 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया गया। उन्होंने कहा कि यूनियन की मुख्य मांग है कि पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए और यूपीएस व एनपीएस पे आउट रद किया जाए। कोरोना काल की महंगाई भत्ते की फ्रिज की हुई तीनों किश्तों का भुगतान किया जाए। रिक्त पदों के बदले ठेकेदारी बंद करो और रिक्त पदों को भरा जाए। बिना मेचिंग के नए पद काम के लिए स्वीकृत किए। आठवें पे कमीशन में मार्केट इंफ्लेटेशन के अनुसार व रेलवे के प्रत्येक कैटेगरी कार्यगुजारी के अनुसार मल्टीप्लाई फिटमेंट फैक्टर 3.5 किया जाए। मकानों की खस्ता हालत को ठीक किया जाए। लार्जेस स्कीम को फिर से लागू किया जाए। रेलवे में अप्रेंटिस किए गए युवाओं को रोजगार दिया जाए। तकनीकि कैटेगरी, ट्रेन मैनेजर, लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, टिकट चेकिंग, वाणिज्य लिपिक को यूनिफार्म भत्ता दस हजार रुपये दिया जाए।

### युवक पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** मुंदड़ी निवासी युवक पर पुरानी रंजिश के चलते किए गए जानलेवा हमले के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया का गाँव मुन्दड़ी निवासी प्रदीप की शिकायत अनुसार वह गाँव में जिम चलाता है, उसकी मुंदड़ी निवासी युग, सुनील व अनिल, विकास तथा प्रवीन के साथ काफी समय से रंजिश चल रही है। इनके खिलाफ थाना पुण्डरी में पहले मामले दर्ज हो चुके हैं। आरोपियों को जमानत मिलने के बावजूद वे उसे और उसके परिवार का पीछा कर जान से मारने की धमकियाँ देते रहे। 14 सितंबर शाम करीब 5 से 7 बजे के बीच वह अपने दोस्त पवन के साथ सैर कर कठवाड़ वाली सड़क से वापस लौट रहा था। मुर्गी फार्म के आगे उन्हें बिना नंबर की काले शीशे वाली स्कॉर्पियो ने रोक लिया था।



जींद। हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष का स्वागत करते डीसी।

### राज्यपाल ने प्रशासनिक व्यवस्था की फीडबैक ली

**जींद।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष सोमवार को हिसार से सोनीपत जाते हुए कुछ समय के लिए लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में रूके। उनका यहां पहुंचने पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान महामहिम राज्यपाल के साथ उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष भी मौजूद रही। महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के सम्मान में पुलिस विभाग की टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने प्रशासन के अधिकारियों से जिला के बारे में प्रशासनिक व्यवस्था की फीडबैक ली। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आरपी सैनी, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार प्रो. सीमा गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. राज सैनी सहित अन्य प्रशासनिक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गांव रामराये में करंट लगने से मिस्त्री की मौत

**जींद।** रामराये में दुकान पर काम करते समय करंट से मिस्त्री की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने सोमवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। रामराये निवासी 26 वर्षीय आसीन उर्फ शेखू गांव में ही चार-पांच सालों से बिजली उपकरण रिपेयर की दुकान चलाता था। रविवार शाम को वह दुकान पर मोटर ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसको करंट लग गया। जिससे वह बेसुध हो गया। परिजनों द्वारा तुरंत उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने सोमवार को नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

---

जनकपुरी में 60 लाख रुपये से बनी मुख्य सड़क का नप चेयरपर्सन ने किया उद्घाटन

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शहर का तेजी से हो रहा विकास : सुरभि गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग सडक का उद्घाटन करते। फोटो :हरिभूमि

शहर के वार्ड नंबर 13 में स्थित जनकपुरी कालोनी की मुख्य सड़क 60 लाख रुपये में बनकर तैयार हुई। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने इस सड़क का उद्घाटन किया। वार्ड पार्षद ने नप चेयरपर्सन का इस सड़क का निर्माण कार्य करवाने पर आभार जताया। वार्ड वासियों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से टूटी हुई थी। इस सड़क पर बने गड्ढों के साथ-साथ वर्षा होने पर जलभराव हो जाता था, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क के बनने से लोगों को काफी फायदा होगा। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि जिस सड़क का उद्घाटन करने वे आई है, यह सड़क एक सपना जैसी लगती थी। वर्षों से इस सड़क की मांग चली आ रही थी, लेकिन आज यह सपना साकार हुआ है। जब मैने यहां का दौरा किया तो देखा कि स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे किस तरह कठिनाई और असुविधा के बीच इस रास्ते से गुजरते हैं। यह दृश्य बेहद दुखदायी था। सड़क के बनने से न केवल उन बच्चों को राहत मिलेगी, बल्कि आसपास की तीन से चार कालोनियों के निवासियों को फायदा होगा।

### ये रहे मौजूद

सुरभि गर्ग ने कहा कि 60 लाख रुपये में यह सड़क बनकर तैयार हो रही है। वार्ड पार्षद ने इस मांग को उनके समक्ष उठाया था, जो उन्होंने पूरा करने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शहर का विकास तेजी से हो रहा है। शहर में वर्षों से टूटी पड़ी सड़कों का अब निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इनमें कई मुख्य सड़के हैं, जिनके बनने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी, आमजन को इसका फायदा होगा। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि बिल्लू जांगड़ा, मनोनीत पार्षद सुरेश शर्मा जी, खुशीराम, बलवान मास्टर, रामेश्वर, सूरजमल, ईश्वर, कर्मवीर माजरा, कृष्ण माजरा, धर्मपाल मौजूद रहे।

## संदीप के हत्यारों की नौ दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

- एसपी से मिले मृतक के परिजन बोले सरेआम खुले में घूम रहे हत्यारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव नरवल में करीब 34 वर्षीय युवक संदीप की डंडे व लाठियों से पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई न होने से खफा परिजन सोमवार को पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन से मिले तथा आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। मृतक संदीप की पत्नी रीना ने बताया कि उसके पति की हत्या को एक सप्ताह से ज्यादा समय गीत चुका है, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। परिवार को न्याय दिलाने की मांग परिजनों ने बताया कि वे इस संबंध में कई बार पुलिस अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही। आरोपी सरेआम घूम रहे हैं। उन्होंने मांग की, कि हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और न्याय दिलाया जाए। गौरतलब है कि 9 दिन पहले चार आरोपियों ने पीट-पीटकर युवक की हत्या कर दी थी। मृतक की पत्नी ने पड़ोस के ही एक युवक व उसके परिवार पर डंडे लाठियों से हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया था।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक कल

**जींद।** शिव कालोनी स्थित अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक बुधवार को प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक का संचालन राजकुमार श्योकंद करेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी 21 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर धरना, प्रदर्शन शुरू करके मांग दिवस मनाएंगे। उन्होंने मांग की कि ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए। निजीकरण पर रोक लगाई जाए। चार लेबर कोड को वापस लिया जाए। बीज बिल वापस लिया जाए। बिजली बिल वापस लिया जाए।

### गेहूं के फसल अवशेष न जलाने की अपील

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला जींद के किसानों में अपील की वे गेहूं की फसल कटाई के बाद अपने खेतों में अवशेषों को जलाने में परहेज करें। अवशेष जलाना एक गंभीर पर्यावरण समस्या है। जिसने वायु प्रदुषण बहता है। अवशेष जलाने से मिट्टी की उर्वरता शक्ति घटती है तथा मानव, पशुओं एवं पक्षियों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष जलाने में कार्बनमोनी ऑक्साइड, मीथेन एवं सूक्ष्मकण जैसे हानिकारक गैसे वातावरण में फैलती है। जो स्मॉग और श्वसन संबंधित बीमारियों का कारण बनती है। इसके साथ मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं।

### जींद का विकास डिप्टी स्पीकर की देनः जैन

**उचाना।** भाजपा युवा नेता सुमित जैन ने कहा कि जींद का विकास डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा की देन है। जींद में जो सीएम नायब सिंह सैनी की विकास रैली हुई उसमें उमड़ी भीड़ जींद में निरंतर बढ़ रही डा. कृष्ण मिड्ढा की लोकप्रियता का प्रमाण है। जींद के सबसे बड़े मैदान में ये रैली हुई है। रैली स्थल पर जगह उमड़ी भीड़ के चलते कम नजर आई। लोगों को मजबूरी में पंडाल से बाहर खड़े होकर सीएम के भाषण को सुनना पड़ा। क्योंकि पंडाल में पैर रखने तक को जगह नहीं थी। सीएम ने जींद के विकास को लेकर हर मांग को माना। जो आज जींद विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है वो डिप्टी स्पीकर मिड्ढा की विकास रूपी सोच का नतीजा है।

### एसडीएम ने ई दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण किया

**उचाना।** एसडीएम उचाना रमित यादव ने ई दिशा केंद्र का औच्चक निरीक्षण किया। यहां पर लोगों से बातचीत की। यहां पर मैरिज सर्टिफिकेट, लाइसेंस, आरसी के काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वो काउंटर के सामने सूची लगाए कि क्या-क्या कागजात जो मेरिज सर्टिफिकेट, लाइसेंस, आरसी बनवाने आते हैं उनको चाहिए ताकि बार-बार किसी को चक्कर न काटने पड़े। ये सुविधाएं ऑनलाइन की हुई हैं लेकिन इसके बाद भी कई लोग कौन-कौन से कागजात चाहिए जानकारी लेने आ जाते है। ई दिशा केंद्र में आने वाले लोगों के बैठने के जो कुर्सियां है उनके अलावा ओर भी कुर्सियां रखने के निर्देश दिए। ई दिशा केंद्र के पास जो शौचालय हैं वो सुचारू रूप से चलें और इसको लेकर निर्देश भी दिए गए। उपमंडल परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। गर्मी का मौसम शुरू होने पर आने वाले लोगों को पेयजल ठंडा मिले इसको लेकर जो वाटर कूलर लगा है।

## भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया

# भाजपा राष्ट्र सेवा से बना रही सशक्त पहचान : डॉ. टाक

### आज भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार

भाजपा सरकार ने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को अभूतपूर्व गति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा एवं पानीपत जिला प्रभारी डा. भारत भूषण टाक ने कहा कि भाजपा सोमवार को अपने 47वें स्थापना दिवस का गौरवपूर्ण उत्सव मना रही है। ये अवसर केवल एक राजनीतिक दल की स्थापना का नही बल्कि राष्ट्र सेवाए सुशासन और जनकल्याण के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। जिसकी वैचारिक जड़ें भारतीय जनसंघ 1951 से जुड़ी हुई हैं। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारविशेष रूप से एकात्म मानववाद और अंत्योदय आज भी पार्टी की नीतियों का आधार हैं। भाजपा ने अपने प्रारंभिक संघर्ष के दौर से लेकर आजतक राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करते लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि 1984 में मात्र दो लोकसभा सीटों से शुरू हुआ भाजपा का सफर आज पूर्ण बहुमत की सरकार तक पहुंचा है। यह परिवर्तन देश की जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और संगठन की सुदृढ़ कार्यप्रणाली का परिणाम है। कहा कि 1990 के दशक में भाजपा ने राष्ट्रीय राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई व 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बना कर सुशासन का नया अध्याय लिखा। इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और दूरसंचार क्षेत्र में सुधार


जींद। अपने घर पर ध्वज फहराते डा. भारत भूषण। फोटो :हरिभूमि

#### ग्रामीण विकास को नई दिशा दी

उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। आयुष्मान भारत योजना से गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को पक्के मकान मिले तथा स्वच्छ भारत मिशन ने देश को खुले में शौच से मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा परिवर्तन किया। इसके साथ ही डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और ग्रामीण विकास को नई दिशा दी है।

जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए गए। जिन्होंने भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास को नई दिशा दी। डा. टाक ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को अभूतपूर्व गति दी है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के साथ जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया।

#### भाजपा का ध्वज फहराया

डा. टाक ने कहा कि भाजपा की कार्यप्रणाली पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन पर आधारित है। संगठन का ढांचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अत्यंत मजबूत है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका होती है। पन्ना प्रमुख जैसी अवधारणाओं ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया है। बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का ध्वज लहरा कर इस गौरवपूर्ण दिवस को मना रहा है। इसी क्रम में कार्यकर्ताओं ने भी आवास पर भाजपा का ध्वज फहराया और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। डा. टाक ने कहा कि भाजपा ने सदैव राष्ट्रीय एकताए सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को प्राथमिकता दी है। धारा 370 हटाने, तीन तलाक समाप्त करने, नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने देश की एकता और सामाजिक न्याय को सशक्त किया है। उन्होंने अंत में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नही बल्कि एक राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते राष्ट्र को सशक्तए समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# विनीत आर्य को शैक्षणिक उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना में आयोजित शान ए जुलाना कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर विनीत आर्य को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विनीत आर्य ने 500 में से 486 अंक 97.2 प्रतिशत प्राप्त कर पूरे हरियाणा में 12वां स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर समारोह में उपस्थित अतिथियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बोर्ड चेयरमैन डा. पवन शर्मा, कैप्टन योगेश बैरागी, चेयरमैन पवन सैनी, डीएसपी संजय कुमार व एसएचओ जुलाना सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देकर सम्मानित करना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है और इससे युवाओं को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व छात्र व छात्राएं मौजूद रहे।





उचाना। मंडी में आई गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

### गेहूं की आवक ने पकड़ा जोर

**उचाना।** गेहूं की आवक जोर पकडने लगी है। किसानों को किसी तरह की परेशानी गेट पास, बायो मेट्रिक को लेकर न हो इसको लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। गेहूं के नियमों में बदलाव की मांग को लेकर आढ़तियों जो हड़ताल की गई थी वो एक बाद खत्म हो गई। जो कपास मंडी गेट, हाइवे स्थित मंडी गेट पर ताले लगाए गए थे उन गेटों को ट्रैक्टर ट्राली की एंट्री मंडी में हो इसको लेकर खोला गया। मार्केट कमेटी सचिव योगेश गुप्ता ने बताया कि किसान को गेट पास, बायो मेट्रिक कराने में एक से दो मिनट लग रहे है। दोपहर तीन बजे तक उचाना मार्केट कमेटी के अधीन आने वाली मंडी, परचेज सेंटर, सब यार्ड पर 1073 गेट पास कटे तो 85 हजार 380 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी, पुरानी मंडी में चार-चार प्वायंट बनाए गए हैं।

### श्री हजूर साहिब नांदेड़ की फ्री यात्रा के लिए 15 तक कराएं पंजीकरण

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए पांच मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ट्रेन को झंडी दिखा कर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। कहा कि वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

### मलेरिया के प्रति किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत आने वाले गांव रधाना में हाई रिस्क एरिया में स्वास्थ्य कार्यकर्ता जितेंद्र सैनी ने लोगों को जागरूक करते बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। ग्रामीणों को जागरूक करते बताया कि सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस जरूर मनाएं। मलेरिया के लक्षण सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार व इसके बाद गर्मी लगना और पसीने केसाथ बुखार का उतरना है। उल्टियां व सिर दर्द, बुखार हर रोज, एक दिन छोड़कर या फिर तीसरे दिन आना हैं। ऐसे में मरीज को तुरंत चिकित्सक को दिखाएं और रोगी के रक्त की जांच करवाएं। मलेरिया घोषित होने पर रोगी द्वारा मूल उपचार लिया जाए। पानी के बर्तनों को अच्छी तरह ढक कर रखें। सप्ताह में एक बार सूखा दिवस मनाएं। घरों की खिड़कियों तथा दरवाजों पर जालियां लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।


जींद। मलेरिया को लेकर जागरूक करते जितेंद्र सैनी। फोटो :हरिभूमि



जींद। मरीजों को फल वितरित करते सीएमओ। फोटो :हरिभूमि

### जरूरतमंदों को फल वितरित किए

**जींद।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा सोमवार को सद्गुरू सतपाल महाराज की प्रेरणा से उनकी माता राज राजेश्वरी देवी की जयंती पर नागरिक अस्पताल में फल वितरित किए गए। समिति सदस्यों की अगुवाई सीएमओ डा. सुमन कोहली व डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने की। सीएमओ डा. सुमन कोहली व डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यों से अस्तपला में मरीजों को हौंसला मिलता है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी आह्वान किया कि ऐसे कार्यों में बढ़चढ़ कर सहभागिता करें। भक्त प्रेमी पालाराम, ओमपाल ने बताया कि संस्था अध्यात्मिक कर्म के अनुसार सामाजिक कार्य समय-समय पर करती है। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, गरीब बच्चों की मदद, जरूरतमंद बच्चों को समय-समय पर स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जाती है।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में तुषार प्रथम

**जींद।** छोटू राम किसान कालेज में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लब व समाजशास्त्र विभाग की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कालेज में समय-समय पर आयोजित की जाती हैं ताकि मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सके और चुनाव में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लब के इंचार्ज डा. संजय खर्ब ने कहा कि विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की । प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डा. मीनाक्षी, डा. सतिंदर व प्रो. विनोद गिल ने निभाई। इस प्रतियोगिता में तुषार बीए फाइनल ने प्रथम, काजल बीए फाइनल ने द्वितीय स्थान और माफी बीए फाइनल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


जींद। प्रतियोगिता में निबंध लिखते छात्र। फोटो :हरिभूमि


जींद। शिकायतें सुनते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

### एडीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हर शिकायत का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में हर विभाग से संबंधित हर शिकायत का एक छत के नीचे तुरंत निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। एडीसी सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में नागरिकों की समस्या सुन रहे थे। एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय स्तर पर तथा नरवाना, उचाना, जुलाना एवं सफीदों में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का निपटान भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सीएम ने पार्क व पार्किंग निर्माण का दिया आश्वासन : हरियाणवी

### वार्ड नं.30 की वर्षों पूरानी मांग पूरी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जींद में आयोजित विकास रैली में वार्ड नंबर 30 के लिए पार्क व रानी तालाब के पास पार्किंग निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए शीघ्र निर्माण की घोषणा करना सराहनीय एवं स्वागत योग्य कदम है। इसके लिए वार्ड 30 के पार्षद सतीश हरियाणवी ने मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद किया। गौरतलब है कि इन मांगों को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, भाजपा वरिष्ठ नेता डा. राज सैनी के नेतृत्व में अनेक पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उनसे मिला था। जहां उन्होंने इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। इसके साथ ही धानक समाज के लिए सफीदों रोड बायपास पर धर्मशाला हेतु भूमि उपलब्ध करवाने की घोषणा भी अत्यंत सराहनीय है। जो समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा सिद्ध होगी।



# किसान छात्र एकता संगठन ने विभागध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसान छात्र एकता संगठन के युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते शैक्षिक भ्रमण आयोजित करवाने की मांग रखी। युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। जिससे उनकी पढ़ाई अधिक प्रभावी बनती है और उनका समग्र विकास होता है। अब तक वाणिज्य विभाग का एक भी शैक्षणिक भ्रमण आयोजित नही किया है। जबकि विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों के नाम पर हर वर्ष 200 रुपये की राशि ली जा रही हैए जो चिंताजनक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन ने विद्यार्थियों की मांग को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस विषय पर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा तथा शीघ्र ही शैक्षणिक भ्रमण आयोजित कराया जाएगा। वंश, विशेष सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।


जींद। विभागाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि


जींद। स्व. देवीलाल को नमन करते जजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### ताऊ देवीलाल को किया नमन

**जींद।** जननायक जनता पार्टी द्वारा ताऊ देवीलाल चौक पर स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष जोरा सिंह डूंमरखां के नेतृत्व में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की 26वी पुण्यतिथि जींद स्थित चौधरी देवीलाल चौक पर स्थापित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। जोरा सिंह डूंमरखां ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और नमन किया। कार्यकर्ताओं ने जननायक ताऊ देवीलाल अमर रहे के नारों से पूरे चौक परिसर को गुंजायमान कर दिया। जिला अध्यक्ष जोरा सिंह डूंमरखां ने कहा कि ताऊ ने हमेशा लोकराज लोकलाज से चलता है के सिद्धांत को सर्वोपरि रखा और जनहितैषी नीतियों से समाज के हर वर्ग का उत्थान किया।


## परीक्षा समाप्त होने के बाद अभिभावकों को दी जाएगी मिशन बुनियाद की जानकारी

# मिशन बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा 17 अप्रैल को होगी

- जिलेभर के 538 विद्यार्थी परीक्षा में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिशन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा 17 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसमें जिलेभर के 538 विद्यार्थी भाग लेंगे। अभी परीक्षा को लेकर केंद्र निश्चित किया गया है लेकिन शिक्षा विभाग फिलहाल राजकीय महिला कालेज में परीक्षा करवाने को लेकर विचार कर रहा है। परीक्षा प्रक्रिया परीक्षा समाप्त होने के बाद एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी होगा। इसमें अभिभावकों को मिशन बुनियाद योजना की पूरी जानकारी दी जाएगी और विद्यार्थियों को भी कार्यक्रम से जुड़ी आवश्यक बातें समझाई जाएंगी। शिक्षा विभाग की ओर से बुनियाद कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को जेईई और नीट की प्रवेश परीक्षा के प्रशिक्षण के लिए तैयारी कराई जाती है। कक्षा 11वीं और 12वीं में निशुल्क पढ़ाई करवाने के साथ ही विद्यार्थियों को स्टेशनरी, वर्दी, परिवहन भत्ता व टैबलेट प्रदान किए जाते हैं। मिशन बुनियाद लेवल 2 परीक्षा 30 जनवरी को जिलेभर में पांच परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। 1343 विद्यार्थियों में से 1279 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 64 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे थे। 25 फरवरी को बुनियाद लेवल 2 का परिणाम जारी किया गया था। जिसमें 538 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। गौरतलब है कि बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है। विकल्प संस्थान की ओर से बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत नौवीं कक्षा से ही विद्यार्थियों को जेईई व नीट के लिए तैयार करना आरंभ कर दिया जाता है। जिसके लिए नौवीं व 10वीं कक्षा में ही उन्हें नीट व जेईई की बेसिक कोचिंग दी जाती है। चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट के साथ ही बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता भी दिया जाता है। जिले में इस समय मिशन बुनियाद के तहत पांच केंद्र चल रहे हैं। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना, माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों व पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना शामिल हैं। जिसमें लगभग 200 विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हैं।


जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह।

#### ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी होगा

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि मिशन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा 17 अप्रैल को परीक्षा होगी। परीक्षा के बाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी करवाया जाएगा। अभी परीक्षा को लेकर जगह का चयन नहीं हुआ है। जैसे ही परीक्षा केंद्र का चयन किया जाएगा तो विद्यार्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा। मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की अच्छी पहल है। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है।



जींद। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### डिजिटल मोड में होगी जनगणना

**जींद।** आगामी 2027 की जनगणना को डिजिटल माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण आठ अप्रैल तक जारी रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ईओ रिषिकेश चौधरी ने की। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग यानी घरों की गणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल मोड में की जाने वाली जनगणना न केवल प्रक्रिया को पारदर्शी और सटीक बनाएगी बल्कि विकास कार्यों की योजना बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

**खबर संक्षेप**



### पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को परिजनों से मिलवाया

**कैथल।** हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे को सकुशल परिजनों से मिलवाया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सिविल लाइन पुलिस टीम को रविवार शाम को क्षेत्र में गश्त दौरान लावारिश हालात में करीब 11-12 वर्षीय एक बच्चा मिला, जो अपना नाम अहमद यूपी का बता रहा था तथा अपने पुरा पता नहीं जानता था। थाना सिविल लाइन प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास द्वारा पुलिस सूचना तंत्र व सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी डाली गई। बच्चा कैथल शहर में किसी शादी के प्रोग्राम में आया था, जो वहां से गुम हो गया। पुलिस टीम द्वारा रविवार को परिजनों को थाना सिविल लाइन में बुलाकर बच्चा परिजनों को सकुशल सौंप दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से एक बार फिर 'ऑपरेशन स्माइल' के उद्देश्य को सार्थक किया गया है।

### व्हाट्सएप की मार्फत सट्टा खाईवाली करने वाला व्यक्ति काबू

**कैथल।** सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत व्हाट्सएप की मार्फत सट्टा खाईवाली करने वाले एक व्यक्ति को थाना शहर पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम को रात्रिकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की एक व्यक्ति अंबाला रोड कैथल पर क्रेटा गाड़ी में फोन के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस द्वारा तत्परता व मुस्तैदी का परिचय देकर योजनाबद्ध तरीके से उक्त स्थान पर दबिश देकर वहां सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी माडल टाउन कैथल निवासी पंकज उर्फ टोना को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सट्टा खाईवाली कर रहा था, जिसमें सट्टा खाईवाली करने वाले कई लोगों के मैसेज आए हुए थे।

## जिले की मंडियों का दौरा कर कृषि मंत्री ने लिया खरीद व्यवस्थाओं का जायजा

# सरकार किसानों के साथ, गेहूं खरीद में नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी: श्याम सिंह

- मौके पर ही आढ़तियों एवं किसानों की सुनकर समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और गेहूं खरीद के दौरान किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। क्योंकि हरियाणा के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री दोनों ही खेतीहर (खेतिहर) हैं और किसानों की समस्याएं से पूरी तरह वाकिफ हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए हैं कि गेहूं खरीद सीजन में मंत्री व विधायक फील्ड में सक्रिय रहें। ताकि किसानों को परेशानी न हो। सरकार किसानों का दाना-दाना खरीदेगी। कृषि मंत्री ने सोमवार को ढांड, पाई, राजौंद, कलायत, कैथल, सीवन तथा गुहला-चीका मंडियों का निरीक्षण किया और बारदाना, फसल खरीद, उठान, भुगतान और मंडियों में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि रबी और खरीफ दो ही प्रमुख फसल सीजन होते हैं और किसान की सालभर की आर्थिक व्यवस्था काफी हद तक रबी सीजन पर निर्भर करती है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसलिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार मंत्री और विधायक स्वयं मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रबी खरीद सीजन 2026 के दौरान पारदर्शिता और समय की बचत सुनिश्चित करने के लिए कई नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जब भी व्यवस्था में सुधार किया जाता है तो प्रारंभ में पुरानी व्यवस्था से नई व्यवस्था में जाने में कुछ परेशानी होती है। बाद में यह किसानों के हित में साबित होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले किसानों के खातों में सीधे भुगतान (डीबीटी) का भी विरोध हुआ था, लेकिन आज यह व्यवस्था किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मंडियों के प्रवेश द्वार पर वाहन का फोटो, बायोमीट्रिक, मंडियों की जियो-टैगिंग और अन्य तकनीकी उपाय लागू किए हैं, जिससे खरीद प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी बनेगी। फसल पंजीकरण पोर्टल पर किसानों के सत्यापन के बाद गेट पास में कोई दिक्कत नहीं आती। मंडी में प्रवेश से लेकर बाद में गेहूं के गोदामों तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए नए प्रावधान जरूरी हैं। ये सभी फैसले किसान हित के साबित होंगे। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। किसानों को एक एक दाना निर्धारित मानकों के आधार पर खरीदा जाएगा। किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।





**कैथल।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर तथा गेहूं खरीद का जायजा लेते हुए कृषि मंत्री।

### कैथल अनाज मंडी में सुनीं आढ़तियों व किसानों की समस्याएं

सायं के समय मंत्री श्री श्याम सिंह राणा कैथल की विस्तार अनाज मंडी में पहुंचें। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने मंत्री का स्वागत किया। मंत्री ने यहां नई व्यवस्थाओं पर विस्तार से बात रखी और आढ़तियों, किसानों सहित सभी पक्षों की बात सुनीं। उन्होंने आढ़तियों की मांग पर प्रति एकड़ गेहूं के 25 क्विंटल पैदावार को 28 क्विंटल तक की मंजूरी देने, खरीद की शुरूआत में जूट का बारदाना उपलब्ध करवाने सहित कई मुद्दों पर सरकार के स्तर पर फैसला होने के चलते समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। नमी मापने के मीटर के परिणाम में अंतर आने पर उन्होंने कहा कि तीन मशीनों की जांच में जो किसान हित में परिणाम हो, उसे मान्यता दी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल को सुखाकर ही मंडी में लाएं। ताकि उन्हें नमी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

मार्केट कमेटी चेयरमैन सतीश सिरटा, वाइस चेयरमैन रामनारायण, एसडीएम संजय कुमार, एसडीएम कलायत अजय हुडा, डीएमईओ अभिनव वालिया, डीएम हैफेड अनूप सहित विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मंडी गेट पर होगी सिर्फ फोटो, अन्य प्रक्रिया ढेरी पर

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि गेट पर केवल गेट पास के लिए फोटो ली जाएगी, जबकि बायोमेट्रिक सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं फसल की ढेरी पर ही पूरी की जाएंगी। इसके लिए किसान तीन लोगों को अधिकृत कर सकता है।

### आढ़तियों ने रखी आढ़त बढ़ाने की मांग

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सबसे पहले ढांड मंडी का दौरा किया। जहां पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक गुर्जर, एसडीएम संजय कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। यहां मंत्री ने कहा कि ढांड बड़ी मंडी है और साथ ही किसानों की सुविधा के लिए यहां साइलो में भी फसल संग्रहण किया जा रहा है। इस अवसर पर आढ़तियों ने उनकी आढ़त बढ़ाने और रेस्ट हाउस निर्माण की मांग रखी। जिस पर उन्होंने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया गया। इस दौरान वे भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर के प्रतिष्ठान पर भी पहुंचे।

### राजौंद में गेट पास की समस्या का करवाया समाधान

राजौंद मंडी में स्थानीय भाजपा नेताओं ने मंत्री का स्वागत किया। यहां एक किसान की गेट पास और 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर फसल मिलान से जुड़ी तकनीकी समस्या उठाई, जिसे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मौके पर ही दूर करवाया गया। साथ ही आढ़तियों ने मंडी से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की।

### कलायत में नई व्यवस्थाओं की दी विस्तार से जानकारी

कलायत में पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने मंत्री श्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया। जहां मार्केट कमेटी कार्यालय में मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों, आढ़तियों व किसानों के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की और नई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मंत्री इसी प्रकार कलायत मंडी में उन्होंने भंडारण और उठान व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए।

### हाबड़ी गांव में खरीद केंद्र स्थापित करने की मांग

पाई मंडी में पहुंचने पर विधायक सतपाल जांबा ने मंत्री श्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया। जहां आढ़तियों व किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। मंत्री ने मौके पर ही उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान हाबड़ी गांव के किसानों कृषि मंत्री से मुलाकात की और गांव में खरीद केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। विधायक सतपाल जांबा ने किसानों, आढ़तियों सहित सभी पक्षों को आश्वासन दिया कि सीजन में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## बसंत कालीन गन्ना बीजाई को लेकर किसानों में उत्साह, मिल दे रही ब्याज रहित ऋण सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

कैथल सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव दयोरा में प्रगतिशील किसान सतपाल के आवास पर किसानों के साथ संवाद कर बसंत कालीन गन्ना बीजाई को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष किसानों में गन्ना बीजाई को लेकर काफी उत्साह और सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी सिद्ध हो रही है। गन्ना फसल न केवल भूमि की उर्वरता को बढ़ाती है, बल्कि इसके बाद बोई जाने वाली अन्य फसलों का उत्पादन भी बेहतर होता है। प्रगतिशील किसान सतपाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पिछले 25-30 वर्षों से 100 एकड़ से अधिक भूमि पर गन्ने की खेती कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कृष्ण कुमार ने बताया कि मिल प्रशासन किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। मिल और गन्ना विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को गन्ना बीजाई की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दे रही हैं। इसके अलावा, किसानों को गन्ना फसल के लिए आवश्यक बीज और कीटनाशक ब्याज रहित ऋण पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**ये रहे उपस्थित**

गन्ना विपणन अधिकारी डॉ. रामपाल सिंह तंवर, गन्ना विकास निरीक्षक डॉ. सूर्या प्रकाश व डॉ. राजबीर सिंह सहित राजेश कुमार, सुनील, पहल सिंह, जगन्नाथ और अन्य किसान उपस्थित रहे।

## ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योड़क के नेतृत्व में आज कैथल के ताऊ देवीलाल पार्क में देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं किसान नेता ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया। इस दौरान अनिल तंवर ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनकी नीतियां और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योड़क ने अपने संबोधन में कहा कि ताऊ देवीलाल केवल एक नेता नहीं, बल्कि किसानों के सच्चे हितैषी और जननायक थे। उन्होंने हमेशा आम आदमी की आवाज को बुलंद किया और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया।



**कैथल।** ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि देते इनेलो कार्यकर्ता फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर शशी वालिया, सोनू करोड़ा, बिल्लु प्रजापत, राम प्रकाश गोगी, ईश्वर मैहला, रकम सिंह नंबरदार, ईसम सिंह नंबरदार, शमसेर कुराड, महावीर पटिअफगान, सतीश गर्ग, रघुवीर शिमला, यशपाल बनवाला, सलिन्दर राणा, अभेराम भुक्कल, बलकार बल्लू, रोहित कैलरम, धर्मपाल मलिक, दलबीर सिंह, रणधीर, होशियारा, सतीश छोत, राममेहर खुराना, पवन शर्मा, रमेश भयान, राजबीर डूल, महीपाल नैना और भूप नैना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अमेरिकी गुंडागर्दी का चेहरा दुनिया के सामने पूरी तरह हो गया बेनकाब : डा. विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य कमेटी हरियाणा की बैठक जनकपुरी कालोनी स्थित शहीद भगतसिंह स्मारक भवन में सम्पन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य अध्यक्ष जगमाल सिंह और संचालन राज्य महासचिव राजेंद्र ने किया।

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य कमेटी की बैठक को यूनियन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ विक्रम सिंह ने संबोधित करते हुए कहा अमेरिकी गुंडागर्दी का चेहरा दुनिया के सामने पूरी तरह बेनकाब हो गया है। पहले गाजा पट्टी में बेकसूर फिलिस्तीनी आवाम को रोंदने के लिए युद्ध थोपा गया जिसमें अब तक 75000 से ज्यादा मौतें हो चुकी है जिनमें आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। फिलिस्तीन में नागरिक बस्तियों, स्कूलों, अस्पतालों को निशाना बनाकर हमले करना न केवल मानवता विरोधी है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध के नियमों के भी खिलाफ है।



फिलिस्तीन के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उसके परिवार का रात्रि के अंधेरे में अपहरण कर उन्हें जबरदस्ती बन्दी बनाकर रखा गया है। वेनेजुएला के बाद अमेरिका - इजरायल ने ईरान में जबरदस्ती हमला कर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खेमेनेई की हत्या कर दी और ईरान को भी युद्ध की आग में झोंक दिया गया।

### चिराग योजना से सरकारी स्कूलों को मजबूती की बजाय निजी स्कूलों को दे रहे फायदा: मोर

**कैथल।** डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन हरियाणा ने चिराग योजना को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन के राज्य अध्यक्ष धर्मेंद्र ढांडा, राज्य प्रधान विजेंद्र मोर, महासचिव सुनील यादव, कोषाध्यक्ष वेदपाल रिढाल, ऑडिटर सुनील गोयल और प्रेस सचिव बूटा सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार इस योजना के जरिए सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। नेताओं का कहना है कि 2026-27 सत्र के लिए चिराग योजना का बजट पिछले वर्ष की तुलना में 10.28 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है, जो मुख्य रूप से निजी स्कूलों के लिए निर्धारित है। उनका तर्क है कि यदि यही बजट सरकारी स्कूलों पर खर्च किया जाए तो इंफ्रास्ट्रक्चर और शिक्षकों की कमी जैसी समस्याएं आसानी से दूर की जा सकती हैं। धर्मेंद्र ढांडा ने कहा कि सरकार एक तरफ पीएम श्री और मॉडल संस्कृति स्कूल खोल रही है, जिनका संबंध सीबीएसई बोर्ड से है, वहीं दूसरी ओर सरकारी धन निजी स्कूलों पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि चिराग योजना को तुरंत बंद कर इसके लाभार्थी बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों, पीएमश्री या मॉडल संस्कृति स्कूलों में कराया जाए, ताकि उन्हें निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। राज्य प्रधान विजेंद्र मोर ने चेतावनी दी कि यदि निजी स्कूलों को सरकारी खजाने से लाभ पहुंचाने की नीति जारी रही, तो संगठन व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षकों को साथ लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा करने को मजबूर होगा।

## भाजपा स्थापना दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर, 125 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ⏩ पूंडरी

पूंडरी में विधायक सतपाल जांबा के कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर "एक किरण उम्मीद फाउंडेशन" द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा ने किया और स्वयं भी रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। जांबा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है।



इस मौके पर विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है, जो "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है।

## शिविर में सुनी समस्याएं शीघ्र निपटारे के दिए निर्देश

- लंबित मामलों के कारण आमजन को होती है अनावश्यक परेशानी, प्रशासन की कार्यशैली पर पड़ता है नकारात्मक प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

आमजन की समस्याओं के मौके पर समाधान के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम संजय कुमार ने की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेशानुसार एवं डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में नियमित रूप से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सभी अधिकारी शिविर में प्राप्त होने वाली जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया करें, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि लंबे समय से लंबित मामलों के कारण आमजन को अनावश्यक परेशानी होती है और इससे प्रशासन की कार्यशैली पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान मौके पर ही करने का प्रयास करें, ताकि लोगों का प्रशासन में विश्वास मजबूत हो। इस अवसर पर सीटीएम गुरविंद्र, डीआरओ चंद्रमोहन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**बैठक**

### उपायुक्त अपराजिता ने की महिला सरपंचों के साथ बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# अपनी पावर पहचानें और आत्मविश्वास से करें गांव का विकास: डीसी

- योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने और पात्र व्यक्ति को योजनाओं को लाभ दिलवाने में अहम भूमिका निभाएं सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि सरपंच जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने गांव का विकास करवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा उन्हें विभिन्न प्रकार की शक्तियां प्रदान की गई हैं। सभी महिला सरपंच अपनी शक्ति पहचाने और आत्मविश्वास के साथ अपने गांव का विकास करें। अपने-अपने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में रहें और अपने गांव के विकास के लिए नए नए आइडिया लेकर आएं।

डीसी अपराजिता सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिले की महिला सरपंच के साथ बैठक के दौरान उन्हें संबोधित कर रहीं थीं। बैठक में उन्होंने कई ग्राम पंचायतों के रिकॉर्ड भी चेक किए।महिला सरंपचों से उनके गांव की जनसंख्या, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्र, सफाई कर्मचारियों की संख्या सहित अन्य विकास कार्यों के बारे में बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी फंड का सदुपयोग करे और समय समय पर ग्राम सभा कराए। सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ियों, लाइब्रेरी और कम्युनिटी सेंटर का नियमित निरीक्षण करें। यदि किसी संस्थान में सफाई कर्मचारी की कमी है, तो पंचायत प्रस्ताव पारित कर अपने स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित करे।

बैठक में मॉडल विलेज की अवधारणा पर जोर देते हुए डीसी ने सुझाव दिया कि पूरे गांव को एक साथ बदलने के बजाय छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। जैसे किसी एक आंगनबाड़ी को मॉडल आंगनबाड़ी के रूप में विकसित करें या स्कूल के किसी एक कमरे को विशेष प्रयोगशाला के रूप में तैयार करें।

बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेकों कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। बैठक में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना, डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना, लाडो लक्ष्मी योजना, सामाजिक पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल विविधीकरण प्रोत्साहन योजना, पशुपालन विभाग की देशी गाय व मुर्रा भैंस की डेयरी करने पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी तथा कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। डीसी ने सरपंचों से अपील की कि वे गांवों में मुनादी करवाकर, ताकि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बैठक में महिला सरपंचों द्वारा अपने-अपने गांव की विभिन्न प्रकार की समस्याएं भी साझा की। जिस पर डीसी अपराजिता ने संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें।



**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

### छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव का आधार बनते हैं

डीसी अपराजिता ने बताया कि यह बैठक एक श्रृंखला की शुरुआत है और आगामी दिनों में इस प्रकार की ओर बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगली बार जब हम मिलें, तो आप आत्मविश्वास के साथ बताएं कि आपने अपने गांव में क्या बदलाव किए हैं। छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव का आधार बनते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डीडीपीओ रितु लाठर, पशुपालन विभाग कैथल के उप निदेशक डा. सूर्या खटकड़, जिला कल्याण अधिकारी सीमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेंद्र श्योकंद, बीडीपीओ जगजीत, रितु शर्मा, अनुज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी मंगौली जिला पटियाला पंजाब निवासी कर्ण सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की चीका निवासी विजय गर्ग की शिकायत अनुसार 2 अप्रैल की दोपहर को उसके घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात को व्यक्ति चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई है।

### विशेष अभियान चला 87 वाहनों के चालान

**कैथल।** पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 31 मार्च से 5 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत गलत लेन में वाहन, लाल नीली लाइट इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 42, ध्वनि प्रदूषण करने का 18, लाल नीली लाइट इस्तेमाल के 1 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

### हाइड्रोजन प्लांट में इलेक्ट्रोफायर खराब

**जींद।** हाइड्रोजन प्लांट में इलेक्ट्रोफायर खराब होने के कारण बाहर से लगातार गैस मंगवाई जा रही है। एक सप्ताह में चेन्नई से गैस का तीसरा ट्रक आया है। इससे पहले एक अप्रैल व चार अप्रैल को गैस का ट्रक मंगवाया गया था। इलेक्ट्रोफायर ठीक होने में समय लग सकता है। वहीं 30 मार्च को हाइड्रोजन ट्रेन को मरम्मत के लिए शकूरबस्ती भेजा गया। जो अभी तक जींद नहीं लौटी है। ट्रेन के दिल्ली से लौटने के बाद जल्द ही सीआरएस की ट्रायल हो सकता है।

### परिचालक ने बुजुर्ग यात्रियों से किया दुर्व्यवहार

**जींद।** असंध रूट पर प्राइवेट बस में परिचालक द्वारा बुजुर्ग यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। एक यात्री ने वीडियो इंटरनेट पर शेयर कर दिया। इसके बाद मामला जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय के पास पहुंचा। वीडियो के अनुसार बस में परिचालक ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उसे बीच रास्ते में बस उतार दिया। वहीं बस में अमरहेड़ी गांव की एक बुजुर्ग महिला के साथ भी परिचालक द्वारा बुरा व्यवहार किया गया। इसके अलावा चालक पटियाला चौक से लेकर कंडेला तक फोन पर बात करता रहा।

### सामान्य है एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि जिला में एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी स्टॉक की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। इसलिए नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी सिलेंडरों की दैनिक मांग लगभग 6510 है। जबकि वर्तमान में लगभग 9973 से अधिक सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

# कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता : ज्योति सैनी

*भाजपा महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरस्ता को दती है प्राथमिकता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला प्रभारी अमरपाल राणा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह, उमंग और संगठन के प्रति समर्पण की भावना देखने को मिली।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा के 47 वर्षों के गौरवशाली सफर को याद करते हुए कहा कि यह यात्रा संघर्ष, त्याग, समर्पण और सेवा का प्रतीक रही है। पार्टी ने हमेशा "राष्ट्र प्रथम", सुशासन, विकास और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है।

जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जिसका श्रेय करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और निष्ठा को जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो देशहित को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने सिद्धांतों और कार्यशैली से जनता का विश्वास जीता है और आने वाले समय में भी यही विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी रहेगा। पुंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश और देश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता को विशेष प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कार्य किए हैं।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, भाजपा नेता अशोक गुर्जर, पुंडरी विधायक सतपाल जांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूर्व मंत्री हरियाणा कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक गुहला कुलवंत बाजीगर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, राव सुरेंद्र सिंह व राजपाल तंवर, जिला महामंत्री भाजपा सुरेश संधू व मुनीष शर्मा, कैथल जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल, ओ बी सी मोर्चा प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र पांचाल, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा हिमांशु गोयल, सतबीर भाना, कैथल नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, चीका नपा चेयरपर्सन रेखा रानी, सीवन नपा चेयरपर्सन हेमलता सैनी, कलायत नपा चेयरमेन अंकित जेलदार, राजौंद नपा चेयरपर्सन बबीता, जिला उपाध्यक्ष मांगेराम जिंदल आदि रहे।



**पूंडरी।** लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के रूप में चेक वितरित करते विधायक सतपाल जाम्बा। *फोटो : हरिभूमि*

### भाजपा स्थापना दिवस पर जरूरतमंदों

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर पुंडरी क्षेत्र में जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए विधायक सतपाल जाम्बा ने जरूरतमंद एवं पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के रूप में चेक वितरित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकार द्वारा दी जा रही सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लाभार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। "भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सेवा और समर्पण का प्रतीक है। इसी भावना के साथ आज जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद स्वयं को असहाय न महसूस करे। जनसेवा ही हमारा सर्वोच्च धर्म है और हम इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने आगे कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और इसके लिए प्रशासन को भी पूरी तरह सक्रिय रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखें, ताकि उनका समय पर समाधान किया जा सके। मौके पर लाभार्थियों ने कहा कि इस प्रकार की सहायता उनके लिए बेहद सहायक साबित हो रही है।



**उचाना।** भाजपा स्थापना दिवस पर अपने आवास पर पार्टी का झंडा फहराते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा स्थापना दिवस पर घर पर फहराया पार्टी झंडा

**उचाना।** भाजपा ने स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया। इस दौरान पार्टी के झंडे हर बूथ पर फहराए गए और कार्यकर्ता अपने घरों पर भी झंडा लगाएंगे। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, मंडल अध्यक्ष सतीश जांगड़ा, संजय चहल, महामंत्री रमेण राणा, रोहताश खटकड़ ने भी अपने-अपने आवास पर पार्टी का झंडा फहराया। बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जनता के बीच जाकर संपर्क अभियान चलाया और सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। विधायक ने कहा कि आज भाजपाए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रए सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकसित भारत के संकल्प के साथ पूरी शक्ति और युक्ति से काम कर रही है। इस काम में भारत की जनता का पूरा विश्वास और समर्थन मिल रहा है। स्थापना दिवस पर भाजपा के हर कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत करे और उसके प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करे।



**ढांड।** भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला पार्टी का झंडा फहराते हुए।

### विजेंद्र मैहला ने घर पर भाजपा का झंडा फहराया

**ढांड।** भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला ने भाजपा के 47वें स्थापना दिवस समारोह पर आज अपने घर पर गांव जडौला में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का झंडा फहराकर धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर अपने संबोधन में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला ने कहा कि आज स्थापना दिवस के मौके पर मैं उन सभी कार्यकत्र्ताओं का अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने भाजपा रूपी नन्हें से पौधे को अपने खून और पसीने से सींच कर एक वृक्ष बनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दूरदर्शी सोच से उस वृक्ष को विशालकाय वट वृक्ष बना दिया है। ये हमारे लिए उन सभी को याद करने का दिन है, जिन्होंने पार्टी का निर्माण किया है और लोगों की अथक सेवा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले सभी महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक नमन और करोड़ों कार्यकत्र्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। विजेंद्र मैहला ने कहा कि पी.एम. मोदी के नेतृत्व और भाजपा के राष्ट्रीयध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा निरंतर सेवाभाव से राष्ट्रकल्याण की ओर अग्रसर है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 से 12 अप्रैल तक पूरे देश में भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान का आयोजन किया जाएगा।

# नपा सचिव सफाई व दफ्तर कर्मियों का शोषण व उत्पीड़न करना बंद करें: शिवचरण

- नपा कार्यालय में क्षेत्रफल और आबादी के अनुसार कर्मचारी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



**सीवन।** प्रदर्शन करते नगर पालिका कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की सीवन ब्लॉक प्रधान संतोष रानी की अध्यक्षता मे नगर पालिका के गेट पर इकटे होकर धरना-प्रदर्शन करके जोरदार नारे बाजी की जिसका संचालन ब्लॉक सचिव राज कुमार ने किया। धरना-प्रदर्शन मे महिला-पुरुष सफाई कर्मचारी भारी संख्या मे शमिल हुए कर्मचारियो को सम्बोधित करते हुए संध के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम,ब्लॉक प्रधान स्वराज सिंह,नगर पालिका कर्मचारी संघ से जिला प्रधान गौरव टाँक व आल हरियाणा पावर वर्कर यूनियन से प्रदीप मोगा ने कहा कि नगर पालिका सीवन मे आबादी व क्षेत्रफल के अनुसार कर्मचारी कम है ओर जो कर्मचारी कार्यरत ह उनपे 2-4 कर्मचारियों जितना बोझ है और इसके बावजूद नगर पालिका सचिव कर्मचारियों का उत्पीड़न करता ह ओर महिला कर्मचारियों के साथ बदतमीजी करता है और दुसरे जिले में बदली व नौकरी से हटाने की हर रोज धमकी देता है।



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए रोडवेज कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### मांगों को लेकर रोड़वेज कर्मचारी महाप्रबंधक से मिले

**जींद।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ जींद डिपो की बैठक डिपो प्रधान राममेहर रेढू की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन सचिव नीतीश शर्मा और सुनील खटकड़ ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनूप लाठर मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं बारे महाप्रबंधक जींद से यूनियन की मीटिंग हुई। जिसमें कर्मचारियों के लंबित पड़े केसों का निपटारा करवाया गया। कार्यवाही से कार्यालय द्वारा यूनियन प्रतिनिधिमंडल को अवगत करवाया गया। जिनमें डीजल पंप रोडवेज वर्कशॉप में लगवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्ष 2002 में भर्ती चालकों के पुनः वेतन निर्धारण का कार्य पूर्ण होने बारे, ग्रुप डी के कर्मचारियों का वाशिंग व वर्दी भत्ता जारी कर दिया गया है। एचवीएसी बसों की साफ -सफाई हेतु उचित प्रबंध करवा दिया गया है तथा मार्ग पर जाने से पहले बसों की फिटनेस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अतिरिक मुख्यालय द्वारा जारी पत्र की अनुपालन करते हुए आगामी सप्ताह में सभी चालक और परिचालकों का ओवरटाइम शुरू करवाने पर सहमति बनी है ।

## न्यूज डायरी



### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनी। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का निपटारा किया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो, इसके लिए उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। आमजन इन समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतों का समाधान मौके पर ही करवा सकते हैं। आमजन की समस्याओं के समाधान करने के लिए एक ही स्थान पर सभी अधिकारी मौजूद रहते है। यह समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है।

### गुरुद्वारा परिसर के 10 कमरों की चाबियां कमेटी को सौंपी

**सीवन।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सह-सचिव बलविंद्र सिंह भिंडर ने सीवन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कैथल स्थित गुरुद्वारा नीम साहिब में धार्मिक एवं प्रबंधकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार सेवा से जुड़े महापुरुष बाबा महेंद्र सिंह और जत्थेदार बाबा अंग्रेज सिंह द्वारा गुरुद्वारा परिसर में निर्मित सराय के 10 कमरों की चाबियां विधिवत रूप से कमेटी को सौंप दी गई हैं। बलविंद्र सिंह भिंडर ने कहा कि यह कार्य कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा के मार्गदर्शन में पूरा हुआ, जिसमें सदस्य सरदार मेजर सिंह और सरदार बलदेव सिंह खालसा का सहयोग रहा।





**उचाना।** बिजली निगम एसडीओ से मिलते हुए उचाना कलां वासी।

### उचाना कलां के लोग पहुंचे बिजली निगम कार्यालय

**उचाना।** उचाना कलां के महिला, पुरूष सोमवार को बिजली निगम कार्यालय पहुंचे। एसडीओ से मिल कर उचाना कलां को जगमग योजना में शामिल नहीं करने, उचाना कलां जो अर्बन एरिया में है उसमें बिजली की सप्लाई पहले के शेड्यूल की तरह देने की मांग की। विकास, कपिल जोगी, विक्रम, राममेहर, मांगेराम शर्मा, राजेंद्र श्योकंद, जग्गी श्योकंद ने कहा कि उचाना कलां को पहले की तरह 18 घंटे की बिजली की सप्लाई दी जाए। उचाना कलां के लोग जगमग योजना में शामिल नहीं होना चाहते है। गेहूं का सीजन चल रहा है खेतों की बिजली सप्लाई पूरे दिन बंद रख जाती है। ऐसे में उचाना कलां की बिजली सप्लाई भी बंद की जाती है। पीने के पानी, बिजली से होने वाले सभी कार्य प्रभावित होते हैं। उचाना कलां के पास जो खेतोंए उचाना कलां के बिजली स्वीच है उसमें खेतों की लाइट बंद की जाए। जो उचाना कलां का स्विच है, उसको शुरू कर लाइट पहले की तरह दी जाए। अर्बन एरिया में वो शामिल है ऐसे में जो बिजली निगम बिल लेता है वो अर्बन एरिया के हिसाब से लेता है। इसलिए उन्हें अर्बन एरिया के हिसाब से शेड्यूल जो होता है उसके अनुसार बिजली सप्लाई दी जाए।

# आशा वर्करों ने लंबित मांगों के खिलाफ प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- आशा वर्करों को पक्का कर्मचारी बनाया जाए, रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आशा वर्कर्स। *फोटो :हरिभूमि*

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर जिले की आशा वर्करों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन किया और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री व मिशन निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपे। प्रदर्शन व धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान नीलम ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव राजबाला द्वारा किया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र और जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि आशा वर्कर्स लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करे। जिला प्रधान नीलम ने मांग की कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 में घोषित 1500 की बढ़ोत्तरी को आज तक लागू नहीं किया है। इसे तत्काल लागू किया जाए। साथ ही वर्ष 2023 की हड़ताल के दौरान काटे गए मानदेय और इंसेंटिव को तुरंत बहाल करने की मांग की गई। आशा वर्करों ने कहा कि उन्हें पक्का कर्मचारी बनाया जाए ।




### नए नियमों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा का धरना

**जुलाना।** नई अनाज मंडी में सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नए नियमों के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने धरना शुरू कर दिया। धरने की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान नरेंद्र ढांडा ने की। धरने में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए नरेंद्र ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नए नियम किसानों और आढ़तियों के हितों के खिलाफ हैं। ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट अनिवार्य करना और बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करना पूरी तरह अव्यवहारिक है। इससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार इन नियमों को वापस नहीं लेतीए तब तक यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

## प्रदेश में महिलाओं के सम्मान का रखा जा रहा पूरा ख्याल

# सर्व कल्याण के लिए योजनाएं चलाती है भाजपा : कृष्णा बेदी

*भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



**नरवाना।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सरकार आमजन के कल्याण की सरकार है। सरकार द्वारा लागू की जा रही सभी योजनाओं में सर्व कल्याण का मुख्य विजन है और जनसाधारण को इनका सीधा फायदा मिल रहा है।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सोमवार को नरवाना में इस्माइलपुर रोड स्थित आजाद बस्ती में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में वार्ड नंबर 14 व 15 के बूथ नंबर 152 पर आयोजित किया गया था। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का प्रमुख नारा था कि सूर्य निकलेगा, अंधेरा छटेगा यानि एक दिन समाज के आखिरी पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण की परिकल्पना साकार होगी। वह दौर आ चुका है। मौजूदा केंद्र एवं राज्य सरकार सर्व समाज के उत्थान पर फॉक्स कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी दुकानदार, युवा, महिला, शोषित, पीड़ित और वंचित सहित समाज के तमाम वर्गों तक बराबर विकास पहुंचना है। सरकार इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार जनकल्याण का काम हो रहा है। सरकार ने महिलाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए हर घर शौचालय बनवाए और प्रत्येक घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया है। बिना पर्ची, बिना खर्ची की पारदर्शी योजना से गरीब परिवार के शिक्षित युवा में फिर से सरकारी नौकरी की उम्मीद जगाई। प्रदेश में 24 घंटे बिजली, बेहतर सड़कें, शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को समर्थन देकर 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार करने पर मोहर लगाई है।

### कैबिनेट मंत्री बोले

*कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में निरंतर काम हो रहा है। ऐसे किसान जिनको किसी तकनीकी त्रुटि के कारण मुआवजा नहीं मिला है, उसकी दोबारा समीक्षा की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान की पूरी फसल की खरीद हो और उसे मुआवजा का भी पूरा हक मिले।*



### इनेलो कार्यकर्ताओं ने ताऊ देवीलाल को नमन किया

**जींद।** भारत देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय जननायक ताऊ देवीलाल की विनम्र भाव से सोमवार को पुण्यतिथि मनाई गई। पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला एवं हल्का स्तर के पदाधिकारीयों ने ताऊ देवीलाल चौक जींद पर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। आज न केवल हरियाणा प्रदेश में बल्कि पूरे हिंदुस्तान में ताऊ देवीलाल को जात-पात, धर्म और राजनीति से ऊपर उठ कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इनेलो जिलाध्यक्ष बिजेंद्र रेढू ने कहा कि ताऊ देवीलाल ने सत्ता में रहते हुए किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया। वह सभी के लिए नीतियां लागू करने का काम करते थे, उन्होंने ऐसे ऐसे नीतियां प्रदेश में लागू करने का काम किया। जिसको बाद में उसे पूरे हिंदुस्तान में लागू किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी पूर्व विधायक रामफल कुंडू, जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू, राष्ट्रीय महासचिव सुमित्रा देवी, राष्ट्रीय सचिव बलराज नगूरां मौजूद रहे।